लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4700

22 दिसम्बर, 2014 को उत्तर के लिए

रुग्ण इस्पात संयंत्रों का पुनरोद्धार

4700. श्री सदाशिव लोखंडे:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्तमान में देश में सार्वजनिक क्षेत्र में रुग्ण इस्पात संयंत्रों का ब्यौरा क्या है और संयंत्र-वार इसके क्या कारण है;

(ख) क्या सरकार की कोई योजना उक्त संयंत्रों के पुनरोद्धार के लिए है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और कब तक इन संयंत्रों का पुनरोद्धार किए जाने की संभावना है?

उत्तर

इस्पात और खान राज्य मंत्री **श्री विष्णु देव साय**

(क) से (ग) : देश में इस्पात निर्माण करने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की दो कंपनियां नामत: स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) हैं। दोनों लाभ अर्जित करने वाले सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम हैं। अत: सार्वजनिक क्षेत्र के इन उपक्रमों के पुनरुद्धार के लिए योजनाएं तैयार करने का प्रश्न ही नहीं उठता।

*****